और जो जोर पकड़ गया तो फिर पाप का छूटना मुश्किल है, जब तमाम जहान ने एक दिल होकर रावण के राक्षसी पाप को छोड़ाया जब जहान की औलाद को सुख प्राप्त हुआ. अलावा इसके दुनियाँ यह कहती है कि सूरज - चंद्रमा रावण के रसोड़े को तपाता था,' 'यह बात खिलाफ है क्योंकि दुनियाँ की अकल ऐसी खराब कर दी है कि झूठी बात जो कोई जमीन के परदे पर कहता है उसको यकीन से सच्चा मान लेते हैं जिसकी वजह यह है कि सब संसार के लोगों की अकल राक्षसी पाप से भ्रष्ट करदी है जिससे झूठी बात को भी सच्चा मान लेते हैं, देखो भाई कि सूरज - चंद्रमा कौन सा आदमी थे कि जो रावण के रसोड़े को तपते थे? सो यह बात तो इस तरह से है कि जिस तरह से अपनी देह के अंदर रोशनी होती है उसी तरह से जमीनमाता की देह में भी सूरज - चंद्रमा कुब्वत के सबब से रोशनी रखते हैं, सो यह बात इस तरह से है कि जमीन के पेट में अग्नि का रोग

कुब्वत = अर्थ

जादू से कर देवे तो पहाड़ या और कोई जगह अपने आप ही जलने लग जावे, सो वह जगह अग्नि के रोग की वजह से ऐसी तपती है कि जो चाहो तो खाना वगैरा उस जगह पकालो और यह अग्नि का रोग ऐसा है कि जैसे आदमी के पेट में या बदन में गर्मी की आग उठ जावे, इसी तरह से जमीन को भी गर्मी वगैरह का रोग कर देते हैं और अपना जाल प्रगट न होने के लिये ऐसी - २ बातें प्रगट कर देते हैं कि सूरज रावण का रसोड़ा तपाता था और असल में जमीनमाता को यह रोग अग्नि का कर देते हैं और दुनिया की बुध्दि भ्रष्ट कर देते हैं जिससे जमीनमाता के रोगों को समझते ही नहीं. जादू से जमीनमाता को फाड़ भी देवें जब भी नहीं समझें और यह नहीं जानते कि जमीनमाता का भी हमारे मुवाफिक जिन्दा शरीर है जो यह फटती है तो इसको भी बहुत दर्द होता है और 'बाजइत्तफाक' नादुरुस्त होने से तबियत गर्मी वगैरा के सबब से ऐसी कुम्हला जाती

है जो खाना – पीना भी नहीं खाया जाता है, बल्कि पेट में बीमारी के सबब से हजारों तरह के कीड़े पैदा हो जाते हैं, तो फिर कैसी तबियत हैरान रहती है; तो इसी तरह से जमीनमाता के नाम का पाप चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर सर्द – गर्म का रोग करावे तो मकान व किला वगैरा की दीवारें जलने को लग जावें, सो इन बातों को तो दुनियाँ जादू चाले के पाप से भूली हुई है क्योंकि यह बनिये लोग अपने राक्षसी पाप से इस बात को जाहिर नहीं होने देते है, परन्तु यह बात इस तरह से है कि जब जमीन के नाम का पाप कराते हैं तब अग्नि अपने आप लग जाती है और ऐसा भी होता है कि यह जो बनिये जादू के जोर से सूरज – चन्द्रमा को नीचे उतारना चाहें तो उतार भी सकते हैं और अगले लोगों ने राक्षस विद्या वालों को अच्छी तरह से हाथ दिखाये है कि उनकी औलाद को गारत कर दिया था, इस सबब से यह बनिये डरते हैं कि जो हमारा जाल लोगों को मालूम हो गया

तो हमको भी मय औलाद के संसार के लोग मार डालेंगे, जिससे डरते हुये सूरज - चन्द्रमा को नीचे नहीं उतारते हैं; क्योंकि अगले लोगों को जिन - २ ने जाल चलाया था उनको अच्छी तरह से सजा मिल चुकी है और अलबत्ता लोगों को भूल में डालके और कोई देवता - फकीरों की करामात का नाम लगाकर तो कभी उतारेंगे और अपना जाल प्रघट न होने के वास्ते पहले से करामात वगैरा का नाम मशहूर कर देते हैं, जैसे कि 'शम्सतबरेज' फकीर का हाल लोग बयान करते हैं कि जब उसके बदन की खाल उसने अपने हाँथ से उतार दी थी तो अन्दर से कोरा माँस उसके बदन का निकल आया, तो उसको संसार में कोई अपने पास नहीं आने देता था. जब वोह कसाई से माँस लाया और वो टुकड़ा माँस का सेकने के वास्ते सूरज को नीचे उतार लिया और वो माँस सूरज की गरमी से सेंक कर खाया तो तमाम दुनियाँ जलने लगी; सो यह बात बिलकुल गलत है क्योंकि

शम्सतबरज = एक मुस्लिम फकीर

जो वो फकीर गोस्त का टुकड़ा सूरज की गर्मी से सेकता तो उसके बदन की खाल उतरी हुई थी और बदन का कोरा माँस निकला हुआ था, तो वो फकीर सूरज की अग्नि से आप भी जल भुन जाता, तो वोह आप किस तरह से बच गया और ऐसा मालिक भी नहीं है कि जो एक आदमी के वास्ते सब दुनियाँ को जला देवे, यह बात किस तरह से समझ में आवे और अलावा इसके अपने हाँथ से खोली की तरह से अपनी खाल उतारके उस फकीर ने डाल दी बताते हैं सो यह भी बात भी समझ में नहीं आती है सो भाइयों गौर करो! कि खोली की तरह से खाल किस तरह आदमी अपने हाँथ से उतार सकता है ? यह बात सिर्फ राक्षसी जाल की है और मालिक ने तो यह खाल खोली की तरह से उतरने के लायक तो बनाई भी नहीं है, सो ऐसी - ऐसी बातें और किस्सा पहले से चला दिये हैं और ऐसी - २ बातें जतियों के नाम से सुनाते हैं कि जती लोग तारे और चंद्रमा को उतार लेते हैं

और बड़े करामाती हैं, सो यह बात इस तरह से है कि जब तारे उतारे तो जैसे आदमी का जीव बिखरने लगता होवे, जब ऐसा रोग दुःख जमीनमाता को तारे उतरने से होता है, और सूरज – चन्द्रमा को जो उतारे तो जमीनमाता को यह ऐसा रोग है कि जैसे जीव घबराके भूला हुआ हो जाता है. जब सूरज – चन्द्रमा को उतारें तो ऐसे – २ रोग व दुःख जमीनमाता के जीव को हो जावे, जो यह बनिये सूरज – चन्द्रमा को नीचे उतारें तो ऐसा – २ दुःख हो जावे और बातें जाल की ऐसी चलाई हैं कि करामात से तारे, चन्द्रमा, सूरज वगैरा उतारते हैं और फकीरों को भी ऐसा ही सुझा देते हैं कि हम बडे करामाती हैं और ऐसे ही संसार को सुझा देते हैं कि यह फकीर – साधु लोग बड़े करामाती हैं और जैसे रावण वगैरा ने रखेश्वरों को और संसार को करामात के भरोसे भुलाये थे, इसी तरह से यह बनिये भी भुला रहे हैं, सो मैं आप लोगों को वाकिफकरताहूँ कि जब दुनियाँ भूल में पड़ जावे तो यह बनिये

बेईमान जादू से सूरज – चन्द्रमा को नीचे उतारने लग जावेंगे, सो इनका मतलब यही है कि बड़े लोग सब उजड़ जावें तो सब संसार में हमारा राज हो जावे, सो दुनियाँ में भी यह बात कहते हैं कि दिल्ली फकीरों जोगी अब हुई है सो बगैर पैसा के लोग फकीर ही हो गये हैं और हौले – हौले, सातों – आठों विलायतों को फकीरों जोगी याने जैसे दिल्ली हिन्दुस्तान की विलायत को कर दिया है, ऐसे ही कर देंगे और सब दुनियाँ करामात के भरोसे भूली हुई है और असल में इन महाजनान का यह जादू का जाल है और जादू की करामात चलाई है और दुनियाँ में यह कहते हैं कि फकीरों ही ने बद्दुआ दी है जो बादशाहों का राज जाता रहा है और असल में तो राज इन महाजनान के जादू से डूबा है और फकीरों की भी बुध्दि भ्रष्ट करके उनके मुँह से जादू से कुछ की कुछ बद्दुआ कहवाकर, फिर जादू से राजा बादशाहों के नाम का होम कराके उनकी बुध्दि भ्रष्ट करके, आपस में लड़ा करके मरा देते हैं या

और कोई विगन करके और जब राजा बादशाहों की बुध्दि भ्रष्ट कर देते हैं तो वो फकीरों से करामातें पूँछने लगते हैं, और यह नहीं समझते कि करामात क्या चीज होती है? क्योंकि उनकी बुध्दि तो जादू से भ्रष्ट कर देते हैं, इससे वह करामात पूँछने लग जाते हैं और जो फकीर साधू बद्दुआ नहीं देवें तो भी यह बनिये महाजन जादू से गारत कर देते हैं, परन्तु फकीरों की बद्दुआ का तो एक रावण के मुआफिक बहाना चलाया है जैसे रावण ने जादू से फकीरों की करामात चलाई थी और कई फकीरों के मुँह से कहवाकर जादू से कई राजा बादशाहों को डुबा दिये थे, और रामचंद्रजी महाराज के ऊपर भी जादू से ग्रह करके रावण ने वनवास दिला दिया था, उसी तरह से अब इन बनियों ने फकीरों की करामात का जाल जादू से चलाया है चाहे फकीर कुछ भी नही कहें सो यह बातें कोई -२ पोथियों वगैरा में लिखीं हैं, सो तुम संसार के किसी - किसी लोगों ने देखा ही होगा,

नहीं तो पोथियों की तलाश करके देख लो कि यह लिखा होगा कि फलाने राजा का राज इतने बरस रहेगा और फलाने बादशाह का राज इतनी मुद्दत तक रहेगा और अंग्रेजों का भी कहते हैं कि इतने बरस रहेगा सो यह पोथियाँ कोई - २ हिंदू - मुसलमानों के घरों में प्रगट भी हैं और किसी - २ ने देखी भी होंगी और हिंदुओं की पोथियों में तो हिंदुओं के फकीरों के नाम हैं और मुसलमानों की किताबों में मुसलमानों के फकीरों के नाम लिख दिया है और बनाकर इन बनियों बेईमानों ने चलाई है और आप प्रगट न होने के वास्ते अपना नाम पोथियों में नहीं लिखा है, क्योंकि कोई पर विलायत के जब यहाँ आवेंगे तो हिंदू - मुसलमानों के बच्चे मारे जावेंगे और हमको कोई नहीं पूछेगा, तो यह बनिये खुद बच जावेंगे अपने बचने के वास्ते ऐसा काम किया है कि पोथियों में दूसरों के नाम लिख दिये हैं और दूसरी विलायत के आने वालों की भी बुध्दि भ्रष्ट कर देते हैं कि वो फिर दरियाफ्त

नहीं करते कि किताबों में लिखा होने से संसार का बुरा थोड़ा ही होता है, टीपणें पोथियों के बाचने से संसार का कुछ बुरा नहीं होता है यह तो जब होम कराके चौरासी लाख कुण्डियों पर, जो अलोप बनाई हैं उन पर पाप कराते हैं तब संसार का बुरा होता है और पोथियाँ और टीपणें भी सच्चे हो जाते हैं और दूसरी विलायत के आने वालों की ऐसी बुध्दि भ्रष्ट कर देते हैं कि उनको यह मालूम नहीं होता कि जो चोर जाल चलाते हैं जब तक उनका बन्दोबस्त नहीं होगा और वो चोर नहीं पकड़े जावेंगे तो हमको भी और दूसरी विलायतों को भी गारत कर देंगे. ऐसे उनको यह बनिये सोचने नहीं देते हैं और अच्छे भले आदमी सती बनके मिल जाते हैंऔर वोह यह नहीं सोंचे कि यही हमारे और कुल संसार के बच्चों के बेईमान बनिये काल हैं और वोह दूसरी विलायत वाले यह नहीं सोचते हैं कि इन बनिये बेईमानों ने ही दुनियाँ में बुरा होने की पोथियाँ और टीपणें वगैरह चलाये हैं; सतजुग में जो धरम का

वेद था वह तो इन बनियों ने अपने काबू में कर लिया है और जाल का चला दिया है, जैसे कि रावण ने असली किताबें वेद की दबा ली थीं और राक्षसी वेद की चला दी थी उसी तरह इन बनियों ने भी अपना जाल रावण वगैरा के मुआफिक चलाया है और पहले से संसार का बुरा होने के वास्ते इन महाजनान ने ऐसी - २ बातें चलाई हैं. सो कहने से तो कुछ नहीं होता है परन्तु पहले जैसा कहते हैं फिर वैसा ही पाप चौरासी लाख कुण्डियों पर कराते जाते हैं तो फिर वैसा ही होता जाता है और दुनियाँ में इन महाजनान ने ही ऐसी - २ बातें चलाई हैं कि सूरज सैस किरण से तपेगा जिसकी गर्मी से जमीन माता सुर्ख ताँबे के रंग हो जावेगी और जो कि जमीन के ऊपर पानी है वह इस तरह से गर्म होगा कि जिस तरह से कढ़ाई के अन्दर तेल उनटता है, इस तरह से पानी उनटेगा. सो देखो भाई, दुनियाँ को भुलाने के वास्ते यह कैसी बातें पहले से चलाकर जाहिर की हैं कि सूरज तपेगा, सो यह बात

सैस किरण = सेकडो किरणें, उनटता = उबलता

बिलकुल खिलाफ है और हम तुम लोगों को भूल बताई है क्योंकि जब तमाम जहान के लोग इस जाल में पड़े होंगे तो हमारे पाप की पहचान नहीं कर सकेंगे, इस सबब से ऐसी - २ बातें तरह - २ की पहले से जाहिर कर दी हैं कि जिन बातों का हम तुम अपनी जबान से बिखान कर रहे हैं, सो यह बात इस तरह से नहीं है यह तो इस तरह से है कि जैसे अपने शरीर के अन्दर बीमारी के सबब से विष काँटा वगैरा निकलता है तो जहर निकलते के वक्त किस कदर दर्द होता है कि जिसकी गर्मी की वजह से कुल शरीर में तरह - २ की तकलीफें पैदा हो जाती हैं और मगज भी जलने लगता है, जब उसका ईलाज किया जाता है और कोई दवा इत्तफाक से मुआफिक आ जाती है तो फौरन तबियत को आराम हो जाता है, मगर बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने इन्द्रजाल के पाप से जमीन को बीमार करके ऐसा कमजोर कर दिया है कि चरबी तक गल गयी है. सो ऐसे - २ रोग तो जमीन माता को जाहिर

विष कांटा = जहरीला कांटा

ही है कि जिनको सब जहान के लोग अपनी - २ आँखों से देख रहे हैं कि जहाँ पर ज्वालामुखी पहाड़ है उस पर्वत में आग लगी हुई रहती है और जो कि दूसरे पहाड़ हैं वो जमीन माता के शरीर के हाड़ हैं, सो इसी तरह से ज्वालामुखी पहाड़ भी जमीनमाता के शरीर की हाड़ हैं और जो कि ज्वालामुखी पहाड़ में आग लगी रहती है वह जादू चाले का रोग है जिसको हिन्दू - मुसलमान, अंग्रेज वगैरा देख रहे हैं और सुनते भी हैं, सो यह बात इस तरह से है कि जब किसी के पैर में कीड़ीनगरा हो जाता है और कीड़ीनगरे के सबब से उसके शरीर का हाड़ - मांस वगैरा गल करके गिरने लगता है तो उसके शरीर में गर्मी के सबब से कैसी - कैसी जलन पड़ने लगती है? तो इसी तरह से जमीन माता के शरीर में जादू चाले का रोग है जिससे जमीन माता बहुत दुःख पा रही है, क्योंकि जमीन माता भी जीवता जीव हैं और फिर कहीं - कहीं पर तपते कुण्ड बनाये हैं सो वोह भी जादूचाले का रोग है, सो जिस तरह से कि लहू का

राध बनता है तो फिर उस राध से कैसा भारी दुःख और दर्द और जलन हो जाती है और इस तरह से इन सौदागर – महाजनान ने कई – २ तरह के रोग राक्षस विद्या के पाप से जमीन माता को बलराजा के बाद से शरद – गरम का रोग करते हैं, परन्तु संसार के लोग अभी तक परचों के भरोसे भूले हुये हैं. हालांकि ऐसे – २ भारी रोग हैं कि जिनका कुछ हिसाब भी नहीं हो सकता है, बलके रत्नाकर सागर को भी देखिये कि उसको कैसा भारी रोग किया है कि जो तमाम जल समुद्र का जल खारा जहर कर दिया है और दुनियाँ के भुलाने के वास्ते यह कैसा जाल चलाया है कि समुद्र में जो जल खारा हो गया है वह रामचंद्रजी महाराज के श्राप से हुआ है. सो देखो भाई, किया तो इन सौदागर महाजनान ने है और नाम रामचंद्रजी महाराज का बदनाम करते हैं कि उन्होंने किया है, यह बात बिलकुल खिलाफ है क्योंकि जल तो बड़ा है ओर 'तीरनतारन' है और रामचंद्रजी की पैदायश तो इसी तरह से है कि

जिस तरह से हम और तुम और सब जहान के लोग पैदा हुए हैं, इसी तरह से जल की पैदाइस रामचंद्रजी भी हैं और जल तो दीनदयाल है और जगत को तारने वाला है और कुल जल की ही माया है; क्योंकि जल को श्राप नहीं लगता है, परन्तु जल के खारा होने का यह सबब है कि सौदागर महाजनान जमीनमाता के नाम का राक्षसी पाप कराते हैं जिससे जमीन माता के शरीर का हाजमा बिगड़ गया है, इससे जल खारा हो गया है और जिसको कि तुम जहान के लोग रत्नाकर सागर और समुद्र - २ कहते हो वह जमीनमाता की ओझड़ी है और जिनको कि नदियाँ बोलते हैं वोह जमीनमाता के शरीर की आंतड़ियाँ हैं और जो कि छोटे - बड़े नाले दिखाई देते हैं वोह जमीन माता के शरीर की नाड़े हैं, जिस तरह से अपने शरीर में जिस कदर चीजें याने नाड़े वगैरह हैं इसी तरह से जमीनमाता के शरीर में भी कुल चीजें नाड़े वगैरह हैं और जब

कि हम तुम लोग पानी पीते हैं तो आतों और नाड़ों के अन्दर होकर ओझड़ी में पहुँचता है; इसी तरह से इस बात को भी समझना चाहिये कि जब मेह बरसता है तब जमीन माता पानी पीती है, तब वोह बरसात का पानी नदियों के रास्ते होकर रत्नागर सागर में पहुँचता है, सो सब दुनियाँ देखती है कि रत्नागर सागर का जल खारा किया है और बलराजा के बाद से ही इन बनियों ने इन्द्रजाल का पाप चलाया है जिससे रत्नागर सागर का जल खारा जहर हो गया है, जिसकी खास वजह यह है कि जब हम तुम खाना खाते हैं और हजम नहीं होता है और तब पेट में दर्द हो जाता है, तो उस वक्त में कैसी सख्ती उठानी पड़ती है और मारे तकलीफ के कुछ नहीं सुहाता है तो उसी तरह से जमीन का भी हाजमा बिगड़ गया है जिससे रत्नाकर सागर का जल खारा हो गया है और सिवाय इसके और किसी – २ के शरीर में बीमारी के सबब से ऐसा भी हो जाता है कि जो खाना बिलकुल हजम नहीं

होता है, बल्के खाना पेट में फूल जाता है तो फिर उसके पेट में किस बला का दर्द होता है कि जो बयान नहीं किया जाता है; सो वोह भी इन्द्रजाल के पाप से होता है और यह सौदागर महाजन इन्द्रजाल के पाप से सर्द व गर्म का भी रोग कर देते हैं जब रत्नाकर सागर दिन भर और रात भर में दो तीन मर्तबा चढ्ढाई करता है तो भी दुनियाँ के लोग नहीं समझते हैं कि यह जमीन माता को आफरे की बीमारी का रोग किया है और पहले जमाने के आदमी देवता स्वरूपी थे कि जिनकी अकल को रावण ने राक्षस विद्या के पाप से कैद कर दी थी, इससे दुनियाँ स्वर्ग को भूल गई थी और रावण ने तो स्वर्ग का राज ही ले लिया था, क्योंकि रावण स्वर्ग में ही रहता था. सो सबूत वेद व पुराणों में लिखा है कि रावण ने स्वर्ग का राज ले लिया था, परन्तु स्वर्ग और नर्क तो यह जमीन माता ही है जो कि जो कुल जहान के लोगों को पालने वाली है, मगर रावण ने तो जमीनमाता की पहचानअपने राक्षसी पाप से दुनियाँ को

भुलाई थी, क्योंकि रावण जमीन माता को हर तरह का रोग कराता था और दुनियाँ को नहीं मालूम होने देता था और रावण के राक्षसी पाप को ही दुनियाँ स्वर्ग जानती थी और जमीन की पहचान बिलकुल भुला दी थी, क्योंकि रावण ने चौरासी लाख कुण्डियाँ राध लहू की बनाई थीं, उसको स्वर्ग जानते थे और जमीन की पहचान बिलकुल भुला दी थी कि जो रावण जमीन माता को राक्षस विद्या के जुल्म से फाड़ भी देता था तो दुनियाँ यह नहीं जानती थी कि जमीन माता रावण के राक्षसी पाप से फटती है बल्कि यह जानते थे कि परमेश्वर की कुदरत है और यह ख्याल नहीं करते थे कि यह जमीन जो फटती है यह राक्षसी पाप के जादू से फटती है, इससे जमीन माता काँपती है और इसी वजह से जमीन माता के शरीर में दर्द होता है, लेकिन जमीन के शरीर की पहचान तो दुनियाँ के लोगों को इस गरज से भुला दी थी कि जो जमीनमाता को तरह - २ का रोग करूँगा तो

जहान के लोगों को मेरा राक्षसी पाप का करना मालूम नहीं होगा, तो सब जहान को गारत करके अपना राज करूँगा और जो मैं दुनियाँ के नाम का पाप न करूँगा तो दुनियाँ को मेरे राक्षसी पाप की खबर पड़ जावेगी तो मेरी औलाद को ही मार देंगे. इससे रावण ने राक्षस विद्या का पाप चला करके संसार के लोगों की अक्ल को पहले से खराब कर दी थी, इससे जमीन की पहचान संसार के लोगों को बिलकुल नहीं थी, सिर्फ जमीन की पहचान रावण की ही औलाद जानती थी, सो अगले जमाने के लोग वेद किताबो में और पुराणों में इन बातों को लिख गये हैं क्योंकि जमीन माता की पहचान तमाम दुनियाँ को रावण ने भुला दी थी, सो जमीन को तो जिस तरह से हम और तुम जानते हैं उसी तरह से वोह भी जानते थे, परन्तु राक्षस विद्या के पाप से जमीनमाता को रोग कराता था, जिसकी मालूम तक नहीं पड़ी थी. अगरचे दुनियाँ को खबर पड़ जाती तो दुनियाँ रावण की औलाद की औद को ही

निकाल देती, क्योंकि जमीन के सहारे तो कुल जहान पलता है, क्योंकि जमीन माता का शरीर तो एक हैं. सो भाई मेरे हो, जब के जमीन के शरीर में दर्द होगा तो उस वक्त तमाम सृष्टि कहाँ रहेगी, ऐसा ख्याल करके संसार ने ऐक दिल होके रावण की औलाद को ही मार दिया, उस हालत मे राक्षस विद्या का पाप संसार से मिटा था क्योंकि जिस कदर पाप होता था, बिलकुल तजा दिया.हालांकि पहले जमाने के राजा बादशाहों को शनिचरजी महाराज ने राक्षसी पाप से वाकिफ करके कहा कि यह जो जमीन माता को तरह-२ की तकलीफें होती हैं जिसके हाल से मैं तुम सब लोगों को वाकिफ करता हूँ क्योंकि रावण राक्षस विद्या के पाप से मुझको भी दुख देता हैं और जमीन माता के भी नाम का पाप कराता हैं इससे मैं आपको वाकिफ करता हूँ कि रावण ने संसार के लोगो ं को स्वर्ग ही भुला दिया था और रावण जमीन को हर किसम का रोग कराता था और हवा वगैरा

बहुत चलाता था परन्तु दुनिया बिल्कुल नहीं समझती थी कि यह राक्षसी पाप है क्योंकि जब किसी आदमी को दम का रोग होता है तो फिर उसके शरीर में बिल्कुल हवा नहीं समाती जिस तरह से कि आदमी के पेट में दम की बीमारी से सांस नही समाता है, क्योंकि हवा है वोह तो दम है कि जब आदमी को दम की बीमारी हो जाती है तो बीमारी के सबब से आदमी किस कदर दुःख पाता है कि जो मरने के लायक हो जाता है तो ऐसे - २ रोग रावण राक्षस विद्या से कराता था जिससे अगले जमाने के सती लोगों को भी मालूम नही होने देता था, क्योंकि ज्यादा हवा जो चलती है वोह जमीन माता को दम का रोग है परन्तु दुनिया तो भी नही समझती थी कि जमीन माता को दम का रोग हो गया है क्योंकि दुनिया को भुला रखा था जिससे दुनिया यह नहीं समझती थी, कि जमीनमाता बीमार है या अच्छी है और हवा वगैरह जो ज्यादा चलती थी झांड दरखत वगैरह भी

टूट जाते थे और फल – फूल गिरने लगते थे, तो भी नहीं समझते थे कि जमीनमाता को जादू से रोग कर दिया है. क्योंकि दुनियाँ की बुद्धि खुद जादू के पाप से फिरी हुई थी, यह तो समझते थे कि जमीन के पेट में हम सब संसार बसते हैं परन्तु जमीनमाता के दुःख बीमारी से कोई वाकिफ नहीं था क्योंकि रावण जादू से तरह – २ के रोग कराके धान घास वगैरा का नुकसान कराता था, तो यह समझते कि नहीं मालूम कि जमीन को क्या हुआ है? और जब दुनियाँ जमीनमाता की बीमारियों को नहीं समझती थी, तो इससे कहा जाता था कि दुनियाँ स्वर्ग भूल गई थी. स्वर्ग नाम सुख व आराम का है और जमीन के सिवाय दूसरा स्वर्ग कोई नहीं है, इसी तरह से रावण जमीनमाता को दम का रोग कराता था, जिसका हाल अगले जमाने के सती लोग वेद और शास्त्र में लिख गए हैं कि हमको यह खबर नहीं थी कि 'हमारी बुद्धि जादू से कैद है या नहीं'? सो उसी तरह से इस वक्त में ऐसी ज्यादा और

जोर की हवा चलती है वह जमीनमाता को दम का रोग है, लेकिल जब की थोड़ी – २ हवा चलती है जब यह जानना कि आदमियों और जानवरों को सुख प्राप्त हुआ है, जब यह जानना कि जमीन माता सीधा साँस लेती है, और दुनियाँ यह जो कहती है 'रावण सूरज – चंद्रमा को ग्रहण कराता था, सो दुनियाँ ग्रहण – २ करती थी, परन्तु यह नहीं समझते थे कि यह जमीन माता को दर्द होता है. सो ऐसे – २ जाल राक्षस विद्या के चलाने वाले अगले सती लोगों को भी मालूम नहीं होने देते थे, सो इसका सबूत वेद और पुराणों में लिखा है कि अगले जमाने के लोग ऐसे भक्त थे कि परमेश्वर का ही भजन करते थे और बुरे कामों से बचते थे, याने उनके पास होकर के नहीं निकलते थे और अपनी चीज को अपनी जानते थे और पराई चीज को पराई जानते थे और दया – धरम में ही रहते थे, सो ऐसे –२ सती लोगों को जमीन के शरीर की पहचान भुला दी थी, सो इस जमाने में इन सौदागर महाजनान ने अपने इंद्रजाल के

पाप से सबकी अकल को खराब कर दी है जिससे भाई – २ में एका नहीं है बलके ना इत्तफाकी का हौसला बढ़ गया है, सो यह सौदागरांन का जाल है सो जिस तरह से कि दुनिया रावण के राक्षसी पाप को स्वर्ग जानती थी उसी तरह से अब बनियों के राक्षसी पाप को दुनियाँ स्वर्ग जानती है, कि जो बनियों ने रावण की तरह से चौरासी लाख कुण्डियाँ राध लहू की किसी समुद्र के दरम्यान में पाप करके संसार को गारत करने के लिए बनाई हैं. सो जिस तरह से कि तमाम दुनियाँ रावण के जाल की माला फेरती थी, उसी तरह पर अब इन बनियों के स्वर्ग की माला तमाम दुनियाँ फेर रही है, सो जिस तरह से कि रावण का राक्षसी जाल था उसी तरह पर इन सौदागरान का राक्षसी जाल है मगर रावण के जमाने में तो रावण के राक्षसी पाप को सनीचरजी महाराज ने सारे जहान में प्रघट किया था और वोह जात के तेली थे जिसको गरीब शख्स देखकर राक्षस विद्या के पाप में कैद कर दिया था,

और रावण अपने पाप की खबर नहीं पड़ने देता था मगर जबकि रावण के गुप्ती पाप की खबर पड़ी जब सनीचरजी महाराज ने तमाम राजा बादशाहों को और रैयत वगैरह को वाकिफ किया तो उन लोगों ने एक दिल होकर रावण के राक्षसी पाप को छेडाया, लेकिन अगले जमाने के लोग ऐसे नेक व सती थे कि उन्होंने उस बात को फौरन कबूल कर लिया और दिल में विचार करके यह कहने लगे कि अगर हम संसार के लोगों ने एक दिल हो करके इस राक्षसी पाप को ना तजाया तो रावण कुल जहान को जरूर गारत कर देगा; तब कुल जहान ने इस बात का ख्याल करके और सनीचरजी के कहने को कबूल करके रावण के राक्षसी पाप को मिटा दिया और सनीचर की मनशाये दिली को अपने सर आँखों पर रखा और यह बात अरज किया, कि हम लोगों को रावण ने अपने राक्षसी पाप से अन्धों की तरह से कर दिया था कि जो जमीन के शरीर की पहचान तक

भुला दी थी, परन्तु रावण ने सनीचर को अपने राक्षसी पाप से दुःखी किया था, जब रावण के राक्षसी पाप की खबर पड़ी अगरचे रावण ने अपने राक्षसी पाप से सनीचर को नहीं कलपाया होता तो हरगिज रावण का राक्षसी पाप नहीं मालूम होता, मगर सनीचर को कलपाया जब रावण की चोरी संसार में प्रकट हुई; तब तो प्रगट होते ही संसार ने रावण के राक्षसी पाप को छोड़ाया, गरज कि रावण की तरह से इन सौदागर महाजनान का भी राक्षसी पाप हो रहा है जिससे तमाम जहान के लोगों की अकल फिरी हुई है कि अपनी चीज को अपनी और पराई चीज को पराई नहीं जानते हैं, परन्तु इन सौदागरान ने रावण की तरह से मुझ गरीब (अनोपदास) को अपने राक्षसी पाप से कलपाया है इससे इन सौदागरान का राक्षसी पाप मालूम हुआ है, क्योंकि यह महाजन रावण की तरह से राक्षसी पाप कर रहे हैं और जिस तरह से सनीचर जात का तेली था उसी तरह से मैं जात का चाकर हूँ

सो मुझ गरीब को इन सौदागर महाजनान ने अपने राक्षसी पाप से कलपाया है और अमीर लोगों को तो मारे डरके समामुख नहीं कलपाते हैं, लेकिन यह बनिये अपने राक्षसी पाप से गारत तो सबको कर रहे हैं, परन्तु अपने राक्षसी पाप से दुखी तो बगैर जबान वालों को और गरीब आदमियों को ही करते हैं, इसलिए मैं गरीब साधु तमाम जहान के लोगों को इन बनियों के राक्षसी पाप से वाकिफ करता हूँ कि इन बनियों के अनेक तरह के छल हैं और फरेब हैं कि जैसे रावण के अनेक तरह के छल और फरेब थे, उसी तरह से इन सौदागरान के भी है, सो जिस तरह से कि रावण के वक्त में सनीचर के कहने से तमाम जहान ने एक दिल होकर रावण के राक्षसी पाप को छोड़ाया था, उसी तरह अब इन सौदागरन के राक्षसी पाप को भी तमाम जहान के लोग एक दिल होकर मुझ साध के कहने से छोड़ाओ तो इन बनियों के जाल से सबको सुख प्राप्त होवे, क्योंकि इन सौदागरान के

जाल से तमाम जहान के चौपाये व पंखेरू और मय आदमियों के तकलीफ पाते हैं, इसी तरह से जमीन माता भी इन्द्रजाल के पाप से बीमारियाँ पा रही हैं कि जिस तरह से आदमी को बीमारी होती है और वोह बीमारी के सबब से दुबला हो जाता है और चरबी गल जाती है और खून सूख जाता है, उसी तरह से जमीन माता भी राक्षस विद्या के पाप से बीमारी के सबब से दुबली हो गई हैं, क्योंकि गोस्त और चरबी वगैरा गल गई है जिसकी वजह यह है कि जमीन माता सिर्फ जल का ही आहार करती हैं सो अब जमीन माता के पेट भरने के काबिल जल नहीं बरसता है इससे दुखी हैं क्योंकि जैसे मेह बरसता है तब जमीनमाता जल को पीती हैं, जब मेवा मिष्ठान रिजक वनस्पति वगैरा अच्छी तरह से होती है, जब सब जीवाजून पलती है; इसी तरह से आदमी भी रिजक वगैरा खा – पीकर पलते हैं; मगर जमीनमाता कौन सा पाप करती है जिससे अब पहले का सा रिजक वगैरह नहीं

होता है? क्योंकि जमीन माता तो ऐसी सती है कि सिर्फ जल का ही आहार करती है, कि जमीन माता जल का आहार जब करती है कि जब जल बरसता है,सो सब जहान के लोग अपनी – २ आँखों से देखते ही हैं कुछ मेरे कहने की जरूरत ही नहीं है और यह बनिये जब कि जमीन माता के नाम का पाप कराते हैं तब जमीन माता बीमार हो जाती है, सो जिस तरह से कि आदमी बीमारी के सबब से खाने – पीने का आहार वगैरा कम करता है, सो जब कि मेह कम बरसता है तब दुनियाँ अपने मुँह से काल – २ कहती है, परन्तु यह बनिये जमीन माता के नाम का पाप कराते हैं जिससे जमीन माता बीमार हो जाती है और जिस तरह से कि मालिक ने आदमी के शरीर में गोस्त, हड्डी चरबी वगैरह बनाई है उसी तरह से जमीन माता के शरीर में गोस्त,चरबी, हड्डी वगैरा बनाई है, लेकिन ये जो पहाड़ है वोह जमीन माता के शरीर के हाड़ हैं और जो कि मिट्टी है वह जमीनमाता के शरीर का गोस्त है,

और जो कि चाँदी – सोने की खानें हैं वो जमीन के शरीर की चर्बी है, परन्तु इन सौदागर महाजनान ने बलराजा के बाद से राक्षसी पाप चलाया है और बलराजा के बाद से ही काल पड़ाने लगे हैं और जब काल पड़ता है तब जमीनमाता बीमार होती है जो बीमारी के सबब से दुबली हो गई है, जिससे जमीनमाता के शरीर की चर्बी गल गयी है जिससे जमीनमाता बिल्कुल दुबली हो गयी है और जिस तरह से कि आदमी बीमार होता है और उसके शरीर की हड्डी, गोस्त और चर्बी वगैरा बीमारी के सबब से गल जाती है तो बीमारी की वजह से ना ताकती भी हो जाती है, तो इसी तरह से अब जमीनमाता भी बीमारी के सबब से ना ताकत हो गई है और चर्बी वगैरा गल गई है और जो कि धातु की खानें सुनी जाती थीं वोह जमीन माता के शरीर की चर्बी थी, जिनको चाँदी – सोने की खानें बोलते हैं वे ना तो अंग्रेजों की विलायत में मौजूद हैं और ना दूसरी विलायतों में हैं, इसी तरह पर अब इन बनियों के

जाल की वजह से सातों – आठों विलायतों के अन्दर चाँदी – सोने की खानें नहीं हैं और जो कहीं पर हैं भी तो पहले जमाने के बराबर धन नहीं निकलता है बलके ज्यादा लागत के सबब से नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि पहले जमाने में एक रुपया खर्च किया जाता तो कई रुपयों का माल निकलता था और अब एक रुपया खर्च किया जाता है तो लागत के दाम भी वसूल नहीं होते हैं सो यह वजह इंद्रजाल की है जिससे चाँदी – सोने की खानें नहीं हैं और अलोप हो गई हैं और यह सातों – आठों विलायतें इस जमीन माता के पेट में आबाद हैं परन्तु जमीन के ना ताकत होने का भी सबब है कि इन सौदागर – महाजनान का राक्षसी पाप चल रहा है जिससे चाँदी – सोने की खानें'' आकाश – पाताल'' में भी नहीं रही हैं, क्योंकि जब आदमी बीमार होता है और बीमारी के सबब से उसका कुल शरीर दुबला हो जाता है परन्तु जिसको बीमारी होती है उसके शरीर की

चर्बी गल जाती है तो फिर उसके शरीर में ताकत कहाँ से रहती है, बल्कि इस काबिल हो जाता है कि दूसरे शख्स की भी आस रखता है. सो अब इसी तरह से जमीन माता भी राक्षस विद्या के पाप से दुबली हो गई है परन्तु इन सौदागर महाजनान ने बलराजा के बाद से राक्षस विद्या का पाप चलाया है, जबसे जमीन माता के नाम का पाप कराते है सो जबकि जमीनमाता के नाम का पाप ज्यादा कराते हैं तो काल भी पड़ जाता है और ग्रहण भी पड़ जाता है, क्योंकि पाप से जमीन माता दुःख पाती है, इससे जमीन के ऊपर धान वगैरा नहीं होता है, जब दुनियाँ भूखे मरने लगती है और पहले जमाने में जमीन माता दुःख नहीं पाती थी तो मेवा मिष्ठान रिजक वनस्पति वगैरा बहुत होती थी, कि जिसकी वजह से गरीब – गुरबा जग कर लेते थे, परन्तु पहले जमाने का सा धान अब नहीं होता है और न अब पहले जमाने का सा बिकता है, जिसकी खास वजह यह है कि जमीनमाता बीमारी के सबब से पानी कम

पीती है जिससे मेवा मिष्ठान वगैरा कम होता है और जैसे कि झाड़ दरखत पहले जमाने में होते थे, वैसे अब नहीं होते हैं, क्योंकि जमीन माता अच्छी तरह से पानी नहीं पीती है इससे अब दरखत भी लम्बे और चौड़े नहीं होते हैं मगर अपने बुजुर्गों के देखने में तो रिजक और वनस्पति वगैरा इस कदर होती थी और अलावा इसके बलराजा के जमाने में तो बगैर खेती किये और बगैर बोये इस कदर धान होता था कि जिसका कुछ अंदाज नहीं हो सकता था, तो पहले जमाने के गरीब लोग वगैरा भी जगकर लेते थे तो भी कर्जदार नहीं होते थे. सो इसका सबूत वेद और पुराणों में साबित है, परन्तु इस जमाने के तो राजा - बादशाह एक रजवाड़े की रैयत को भी खाना नहीं खिला सकते हैं, सो यह हाल सब तुम अपनी - २ आँखों से देख रहे हो कि अब ऐसा जमाना आ गया है कि सिवाय खार - अेंखार के और कुछ नहीं सूझता है क्योंकि

पहले जमाने में इस कदर रिजक होता था, तो पहले जमाने में हर एक जात का आदमी जग कर लेता था तो उस जमाने के राजा बादशाह भी जग कर लेते थे तो कौन सी अचरज की बात थी? परन्तु बलराजा के बाद से इन बनियों ने इंद्रजाल का पाप चलाया है जिससे जमीन माता दुःख पा रही है और जबकि जमीनमाता पेट भरके पानी पीती थी तो रिजक भी बहुत होता था, सो इन बातों का सबूत वेद और पुराणों में लिखा है मगर हम तुम लोग इंद्रजाल के पाप से अंधों के मुआफिक हैं और अपने पेट में जो कीड़े हैं सो वह अपने पेट में कौन सी खेती करते हैं परंतु जब हम तुम लोग खाना खाते हैं तब वह भी अपना पेट भर लेते हैं; इसी तरह से हम तुम और तमाम जीवाजून जमीनमाता के पेट में कीड़ों की तरह से हैं; लेकिन जमीन माता इस कदर बड़ी हैं कि जिसका कुछ अंदाज नहीं हो सकता है, फिर इसके पेट में किस बात का टोटा था, मगर

बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने इन्द्रजाल का पाप करना शुरू किया है जिससे दुनियाँ का बुरा होता है, लेकिन रावण के पहले इन्द्रजाल का पाप नहीं होता था और न पहले कोई राक्षसी पाप को समझता था, परन्तु राक्षसी पाप रावण के वक्त से ही शुरू हुआ है क्योंकि रावण ने दो चार मर्तबा ग्रहण डालकर अंदाज देखा था, परन्तु यह बनिये लोग अपने राक्षसी पाप से साल - ब - साल ग्रहण डालते हैं कि जो टीपणों के अन्दर हमेशा ग्रहण पड़ने का हाल लिखा हुआ आता है, सो यह टीपणें बनियों के चलाये हुए हैं कि जिस तरह से रावण ने चलाये थे, सो यह हाल सब संसार के लोग अपनी - २ आँखों से देख रहे हैं परन्तु ग्रहण पड़ने से जमीनमाता निहायत दर्जे का दुःख पाती है इससे कोई चीज जमीनमाता के ऊपर उम्दा तौर पर नहीं होती है, क्योंकि पहले जमाने में आदमी खेती बाड़ी वगैरा नहीं करते थे तो बगैर खेती के किये हुए के ही धान वगैरा पैदा

होता था, परन्तु खेती – बाड़ी का पाप भी बलराजा के बाद से ही हुआ है कि जिस दिन से इन्होंने काल पड़ाना शुरू किया है; अगरचे जमीनमाता पेट भर के पानी पी लेवे और सौदागर महाजनान को खबर पड़ जावे तो यह बनिये जमीनमाता को बदहजमी का रोग जादू से करके फल – फूल वगैरा गला देते हैं जिसकी वजह से फिर चीजें वगैरा होवे ही नहीं, क्योंकि कुल जहान की अकल इन सौदागर महाजनान ने अपने राक्षसी पाप से खराब कर दी है, चाहे बारिश अच्छी तरह से नहीं हुई होवे तो भी दुनिया के लोग यह कहने लगते हैं कि बारिश बहुत हुई है, इससे फल फूल वगैरा गल गये हैं और इन्द्रजाल के पाप से जानवरों को भी यह बनिये ज्यादा सजा देते हैं और चौरासी लाख जीवाजून को हद से ज्यादा सजा देते हैं जिससे बुरा होता है, क्योंकि यह बनिये जादू से चौरासी लाख जीवाजून को मारते हैं जिसका पाप बहुत होता है और खेती बाड़ी में तो जीवड़ों को थोड़ा कलपाते हैं और इन्द्रजाल

के पाप में जीवड़ों को ज्यादा दुःख देते हैं, इससे ज्यादा पाप का नाम जादू कहते हैं, इससे इन बनियों का नाम 'जादू खोरा' रख दिया है क्योंकि यह जादूखोरा जमीन के नाम का पाप कराके जमीन में भी आग लगा देते हैं, जिससे करोड़ों जीव जल जाते हैं जिससे बुरा भी जल्दी होता है और यह जादूखोरा लोग संसार के लोगों को बहका करके ऐसा सुझाते हैं कि तुम उल्लू जानवर को मारके और उसकी दवा बनाकर जिसकी आँख में डालोगे या दूसरे के औरत के कपड़े में लगा दोगे तो वह तुम्हारे कहने में हो जावेगी. सो भाई मेरे हो,जादू कोई चीज नहीं है, यह तो राक्षसी विद्या का पाप चलाया है जिसका कुछ अन्दाज नहीं हो सकता है, अगरचे दुनियाँ इस पाप का हिसाब करे तो इसकी गिनती भी नहीं हो सकती है क्योंकि राक्षसी पाप बहुत हो रहा है सो इस बात को जरूर समझना चाहिए कि इन बनियों ने किस तरह के पाप चलाये हैं, कि जो कोई भी साहब ख्याल नहीं करते कि इन

बनियों ने राक्षसी पाप से सबकी अकल खराब कर दी है जिससे दया धरम ही नहीं जानते हैं बलके संसार के ही हाथों से बहुत पाप करा रहे हैं और जो कि देवता हुए हैं सो उन्होंने मालिक की भक्ति की है, इससे उनकी समाधि का पूजना तो दुरस्त है परन्तु समाधि को तो नहीं पूजते हैं और उनकी समाधियों पर उनके नाम से अपने हाथों से जानवरों को मारते हैं, सो धरम की पूजन तो नहीं करते हैं और जीवड़ों को मारने लगते हैं, सो संसार को तो कुछ दोष नहीं है क्योंकि उनकी बुद्धि तो जादू से कैद है इससे दया धरम भूल गये हैं; सो जिन - २ रजवाड़ों में देवताओं के ऊपर जीव मराने शुरू किये हैं और जब संसार में भूल पड़ जावेगी जब तो सब दुनियाँ को जादू से बीमार करके व देवताओं को सुझा - २ के जितने संसार में हिंदू - मुसलमान और अंग्रेज वगैरा के कुल में भक्त लोग हुए हैं, सो देवता स्वरूपी लोग भक्त ही होते है, चुनांचे सबकी समाधियों पर जीव मराना शुरू करा देंगे. इसी तरह से जैसे कि अब

जिन – २ रजवाड़ों में देवताओं पर जीव मराते हैं और संसार को जादू से खबर भी नहीं पड़ने देंगे, सो यह बनिये पहले तो अपने राक्षसी पाप से संसार के लोगों को बीमार कर देते हैं और फिर ऐसा सुझा देते हैं कि देवताओं ने बीमार किया है, सो देवता जानवर को चाहता है सो देवता के नाम का देवता के ऊपर बकरा चढ़ाओ तब तुमको आराम होगा, सो वह बीमार आदमी अपनी बीमारी के सबब से और डरकी वजह से अपनी जिन्दगी के खातिर चढ़ा देते हैं, सो वो तो बनियों के राक्षसी पाप से भूले हुए हैं जिससे जैसा कि सुझाते हैं वैसा ही करने को लग जाते हैं सो बीमार आदमी के नाम का पाप करना छोड़ देते हैं जब वह अच्छा हो जाता है सो इन लोगों की बुध्दि इन बनियों नें अपने राक्षसी पाप से ऐसी खराब कर दी है जिससे ऐसा ही सूझता है कि जो भक्त होता है उसको भी ऐसा ही राक्षसी पाप से करते हैं कि जिससे उनको भी खबर नहीं होने देते हैं कि पाप का कराना बुरा या भला है सो ऐ संसार के लोगों,

पाप का कराना तो बुरा ही है सो किसी जानवर को या दूसरे जीवाजून को मत सताओ बलके दूसरे शख्स को मारते हुए देखो तो मत मारने दो; जिस तरह से कि जानवरों और दूसरी जीवाजून की जान है उसी तरह से सबके शरीर में भी जान है, सो जीवाजून की जान तुम्हारी कोशिश करने से बच सके तो बचाओ क्योंकि नेकी का दर्जा है वह अच्छा ही है, मगर यह बनिये अपने राक्षसी पाप से साधू – फकीरों को भी ऐसा ही सुझा देते हैं कि समाधि के ऊपर बकरा चढ्ढाना दुरस्त बात है, अगरचे वो दया भी करें तो राक्षसी पाप के जादू से उसको दया भी नहीं करने देते हैं तो उसको दया भी नहीं आवे और वैसा ही कहने को लग जावे और जब यह बनिये राक्षसी पाप से साधु – फकीर को बीमार कर देते हैं और उनके घट में देवताओं का छल सुझा देते हैं तो वह भी जानवरों को अपने हाथ से मारने को लग जाते हैं और जब अच्छे हो जाते हैं तो फिर परचों के भरोसे यह कहने लग जाते हैं कि देवी

देवता सच्चा है और मैं झूठा हूँ और यह नहीं समझते है कि यह रावण के मुवाफिक राक्षसी पाप का करतब है और यह महाजन लोग पहले तो उसके नाम का पाप चौरासी लाख कुण्डियों पर कराके उसको बीमार कर देते हैं और उसके घरवालों को या खुद उस बीमार को जादू से ऐसा सुझा देते हैं कि देवता ने बीमार कर दिया है सो देवता जीव माँगता है जादू से ऐसी बुध्दि फेर देते हैं और जब यह समझते हैं कि अब तो बीमार के घर जीव याने बकरा – पाड़ा वगैरा देवता के नाम से मार दिया गया है, जब उस बीमार के नाम का पाप कराना उन चौरासी लाख कुण्डियों पर से छोड़ देते हैं तो फिर वह बीमार अच्छा हो जाता है; इससे देवताओं के परचों को सच्चा जानते हैं मगर उनको यह खबर नहीं है कि रावण की तरह से इन बनियों ने भी राक्षस विद्या का पाप चलाया है, अगरचे इन बनियों के राक्षसी पाप की खबर दुनियाँ को पड़ जाती तो दुनियाँ फौरन इनके जाल को छुड़ा देती, परन्तु संसार को अब तक इनके जाल की

खबर नहीं है इससे दुनियाँ के लोग अपने हाथों से करोड़ों जानवरों को देवताओं के ऊपर मारते हैं और अलावा इसके संसार के अंदर हैजा की बीमारी में करोड़ों शख्सों को मार देते हैं और राजा – बादशाहों के हाथों से करोड़ों जानवरों को मरवा देते हैं जब करोड़ों पाड़ा – बकरों के चमड़ों की चीरे करवा – २ के दरखतों की मुलायम डालियों में बाँध – २ के लटका देते हैं और जो संसार उनके चमड़ों की चीरे ना करे तो बेचारे संसार को जादू से बीमार करके ऐसा सुझा देते हैं कि तुम खालों को चीरकर झाड़ो और दरखतों के ऊपर खाल की चीरे बाँधो, जब बाँधते हैं और जो नहीं बाँधे तो उनको यह सुझाते हैं कि देवता ने बकरा – पाड़ा नहीं माना इससे उसको जादू से बीमार ही रखते हैं, सो जबकि वह चमड़े की चीरें सूख जाती हैं तब दरख्तों को तकलीफ होती है, क्योंकि जिस तरह से अपने शरीर में जान है उसी तरह से इन दरख्तों के अंदर भी जान है जिससे दरखत ''सरसब्ज''

रहते हैं सो यह दरख्त तो ऐसे सती हैं कि अपने को फल – फूल खिलाते हैं और आप धूप में खड़े रहते हैं और दूसरे पर छाया करते हैं और उनकी लकड़ियों को अपन लोग जलाने के काम लाते हैं और जो कि वनस्पति है वह तमाम जहान के लिए रिजक है क्योंकि तमाम इससे परवरिश पाते हैं सो सबको ही मालूम होता है और मैं जो आप लोगों को बार – बार लिखकर के दर्शाता हूँ सो सिर्फ इस गरज से दर्शाता हूँ कि तुम संसार के लोगों की बुध्दि इन बनियों के राक्षसी पाप से भ्रष्ट हो रही है, इससे दूसरे जीवों की पहचान तो क्या तुमको अपने शरीर की ही पहचान नहीं रही है, क्योंकि इन बनियों ने अपने राक्षसी पाप से वनस्पति सी चीजों को ही भूत पलीत बना रखा है और दुनियाँ के हाँथों से उन दरखतों के अंदर कीलें तक गड़वा देते हैं. सो यह दुनियाँ की भूल है क्योंकि दरखतों के अंदर न तो भूत है और न पलीत, खवीस वगैरा है, यह तो सिर्फ सौदागर महाजनान की

सरसब्ज = हरे भरे, सुखी

जालसाजी है क्योंकि अपने लोगों की बुध्दि भ्रष्ट कर दी है इससे ऐसा ही सूझता है, बल्कि यहाँ तक तो इनका जाल है कि नींद के अंदर सपना वगैरा होता है जैसे कि नींद में मरे हुए का सपना सूझ जाता है, उसी तरह जादू से मरे हुए का जागता सुपना किसी - २ को कर देते हैं और फिर उसी के घट में ऐसा सुझा देते हैं कि मेरे को भूत मिला है और देखा है और जिसको सपना कराते हैं फिर उसको जादू से बीमार कर देते हैं और बीमार करके उसको यह सुझा देते हैं कि मेरे को फलाने दरख्त के नीचे या और किसी जगह भूत लग गया है जिससे मैं बीमार हो गया हूँ और साधु - फकीर संसार में से भी किसी को ऐसा ही सुझा देते हैं कि इसको भूत लग गया है, सो मैं इस भूत को झाड़ा देकर निकाल सकता हूँ, और वह झाड़ा देने वाला बकरा वगैरा मंगावे और यह कहे कि भूत - खबीस बकरा माँगता है, नहीं तो भूत ऐसा जबरदस्त है कि इस बीमार का जीव ले जावेगा; इस बीमार

के ऊपर बकरा फेर के मारो, सो इस बकरे का जीव तो भूत ले जावेगा और यह बीमार बच जावेगा, तो फिर उस बकरे को मार देते हैं और वह झाड़ा देनेवाला कहता है कि मैं भूत को झाड़ में कील दूँगा तो भूत फिर इसको नहीं लगेगा. जब उस झाड़ा देने वाले को जादू से ऐसा सुझा देते हैं कि वह यह कहता है कि मैने भूत को पकड़ लिया है और झाड़ में कीलूँगा और जिन - २ रजवाड़ों में यह भूत - पलीत का पाप चलाया है वहाँ हजारों दरख्तों में लोहे की कीलें गड़वा देते हैं और न कोई भूत है और न पलीत - खबीस, डाकन वगैरा हैं, फक्त यह तो बनियों का राक्षसी पाप है और दरख्तों में जो कीलें गड़वाते हैं सो यह दरख्त तो बेचारे बड़े सती हैं मगर कीलें गाड़ - २ कर नाहक तकलीफें देते हैं और बकरे वगैरा जो देवता और भूतों का बहाना करके हजारों जीवड़ों को मारते हैं तो नाहक बेचारों को संसार के हाथों से जीव मरा करके तकलीफें देते हैं और जादू से संसार को बीमार कर - २

भूतों का और देवताओं का सुझा-२ के करोंड़ों जीवड़ों को देवताओं और भूतों और पलीतों के नाम से मरा देते हैं. सो तुम संसार के लोगों तलाश करके देखलो कि जिन-२ रजवाडों में ऐसा पाप चला है सो संसार को तो कुछ दोष नहीं है, क्योंकि उन बेचारों को तो जादू से बीमार करके भूत पलीत और देवताओं का सुझा देते हैं तो लोग डर के ऐसे काम करने लग जाते हैं सो संसार को तो मालूम नहीं है कि यह जादू है वोह तो भूत-पलीत ही समझते हैं क्योंकि भूतों और देवताओं के भरोसे भूले हैं और जिसको जादू से मारना चाहे तो फिर वो चाहे कितने ही जीव मारे उसको कच्ची उमर में मार ही देते हैं भूत-पलीत और देवताओं का बहाना करके, जो तुम संसार के लोगों तलाश करो तो यह पाप तो इन महाजनान का प्रगट है और संसार के हाथों से बुद्धि फेर के पाप कराते हैं सो इन्होंने संसार में बुरा होने के वास्ते अनबोलों के ऊपर ऐसा जुलम चलाया है, सो ऐसे -२ पाप देखते जाओ और छोड़ाते जाओ

और इनका गुप्ती पाप छोड़ाओगे जब ऐसे फेल दुनिया में नहीं होंगे, देखते पाप को जो भूत पलीत और देवताओं वगैरा के नाम से जीव मारते हैं उसको तो हर कोई छोड़ा देगा, परन्तु इनका गुप्ती पाप छूटना चाहिए जब दुनिया से यह फेल छूटेंगे; जब तक गुप्ती पाप नहीं छूटेगा तब तक संसार को भूत-पलीत का बहाना करके जादू से बीमार करते रहेंगे और संसार भूल करके डर की वजह से देवताओं और भूतों और पलीतों के नाम से अनबोलों को मारते रहेंगे और भाई मेरे हो गुप्ती पाप वोह है कि जहाँ इन महाजनान ने चौरासी लाख कुण्डिया राध और लहू की बनाई हैं और तुम सब संसार कहते हो कि वहाँ पर स्वर्ग और नरक है और नारगी डालते हैं, सो वहाँ पर तमाम पाप बनियों के कुल के हाथों से होता हैं. सो वो तो ऐसा पाप है कि जैसा रावण ने दरियाओं पार अलोप पाप चलाया था, उसी तरह से इन महाजनान ने गुप्ती पाप चलाया है सो वो तो

महाजनान की जात को ही मालूम है और वहाँ पर इनकी जात के सेठ महाजन ही जाते हैं और उसी गुप्ती पाप से देवताओं और भूत और पलीतों का दुनियाँ में फैल चलाया है और उसी फैल से देवताओं और भूतों व पलीतों का बहाना कर-२ के करोड़ों जीव मराते हैं उसका सारा मतलब यह है कि ना तो भूत है और ना कोई पलीत है, यह तो फक्त इन महाजनान का राक्षसी पाप है और राक्षसी पाप से ही नींद के अन्दर और जागते में सपने करा देते हैं और कुछ का कुछ सुझाते हैं. सो यह सपने राक्षसी पाप से ही होते हैं और इसी तरह से रात-दिन में जागते सपने करा देते हैं, सो जिस तरह से रावण राक्षसी विद्या के पाप से कई-२ किसम के सपने सुझाता था उसी तरह से अब यह बनिये भी कई किसम के सपने सुझा देते हैं कि जो मरे हुए मुरदें सपने में नजर आते हैं सो भाई मेरे हो, मरे हुए तो नहीं आते है यह तो राक्षसी पाप से ऐसा सुझा देते हैं कि जिस तरह से

बाजीगर लोग ठीकरी का रूपया पैसा करके दिखा देते हैं, ऐसे यह बनिये भी राक्षसी पाप से भूत पलीत वगैरा सुझा देते हैं, परन्तु भूत पलीत वगैरा जो सुझाते हैं वो सब जाल है और कुछ भी नहीं है, क्योंकि "पाप को ताकत है कि जो चाहे सो ही कर सकता है" और ऐसा बुरा गुप्ती पाप कराते हैं कि जिसके नाम का गुप्ती पाप करावे तो उसीका बुरा हो जावे और सब विलायतों के नाम का पाप करावे तो सब विलायतों का बुरा हो जावे. सो पाप जो संसार के नाम का कराते है सो पाप तो लग जाता है मगर करने वाले बेईमान काफिर हैं क्योंकि बेचारों अनबोलों को कलपाते हैं और दुनिया में जादू-२ जो करते हैं और इन्द्रजाल जो कहते हैं और राक्षस विद्या और काफिर विद्या कहते हैं सो पाप तो एक का एक है परंतु दुनिया के ना समझने के वास्ते नाम अलग-२ लिख दिये हैं, सो यह चतुराई दुनियाँ के ना समझने के वास्ते की है मगर दुनिया यह ख्याल नहीं करती है कि पहले रावण,

हरनाकुश, कंश, कारून वगैरा ने राक्षस विद्या का पाप चलाया था जब वोह भी इन बनियों की तरह से कुछ का कुछ सुझाते थे सो यह बात दुनिया में प्रगट है कि यह बातें राक्षसी विद्या से सुझाते थे लेकिन यह बनिये तो रावण वगैरा से भी ज्यादा कुछ का कुछ सुझाते हैं सो इस बात का ख्याल किसी को भी नहीं होने देते हैं, पेशतर मैं भी संसार की तरह से भूला हुआ था क्योंकि मुझको राक्षसी पाप से जब तक कि इन बनियों ने दुखी नहीं किया था, जब तक मेरे को कुछ खबर नहीं थी और अब तो जो कुछ मेरे ऊपर हो चुकी है वोह बीती हुई लिखता हूँ और मुझको तो इन सौदागरान ने तरह२ की जालसाजियाँ दिखलाई हैं, इससे मैं बार-२ लिखकर तुम भूले हुए शख्सों को खबरदार करता हूँ क्योंकि इन बनियों ने फक्त दुनिया के नाम का पाप ही चलाया है और पाप से ही बुरा करते हैं सो मुझको इनका पाप मालूम हो गया है जिससे में आप लोगों को वाकिफ करता हूँ

और लिखता हूँ और तुम सब संसार अपनी-२ आँखों से देख रहे हो कि कैसा जुलम चलाया है ? सो जिन-२ रजवाडों में ऐसा पाप चलाया है सो सब संसार दरियाफत करके देखलो कि इन बनियों ने बुढ्ढे आदमियों और औरतों पर कैसा जुलम किया है कि उन्होंको डाकी-डाकन बनाये हैं जिसका हाल तुम संसार के लोगों जरा दिल लगाकर सुनो कि जो छोटा गाँव है उसमें सौ पचास डाकनियाँ बनाई हैं और जो कि उससे बड़ा शहर है वहाँ पर बहुत-सी डाकनियाँ बनाई हैं, परन्तु जो कि बुढ्ढे मरद -औरतें हैं तो वो तीरथ समान हैं सो वेद और पुराणों में भी लिखा है और दुनिया में भी जानते हैं कि जो बुजर्ग होता है वोह तीरथ के मानिन्द है, मगर इनके सर बदनामी दे दी है परन्तु यह बनिये ऐसे हैं कि तीरथ स्वरूपी आदमियों को संसार के हाथों से मरवा देते हैं और तरह-२ की बीमारियाँ भी राक्षस विद्या के पाप से करते हैं और संसार के दिल में डाकी-डाकनियों

मानिन्द = बराबर, तरह.

का सुझाते हैं और जो कि ड्राकी-ड्राकनियाँ बनाई हैं उनके दिल में भी ऐसा सुझा देते हैं, जिससे वोह भी ऐसा कहने को लग जाते हैं कि हम ड्राकन -डाकी ही हैं, सो इस वजह से ऐसी-२ बातें कहने को लग जाते हैं कि उनकी अकल इन बनियों ने अपने राक्षसी पाप से ऐसी खराब कर दी है, मगर यह बात काबिल ख्याल करने के है कि एक शख्स बहुत फासले पर या कुछ नजदीक बैठा है तो उसका दिल वो किस तरह से खा सकता है? क्योंकि जब खाना सामने रखा हुआ है तो बगैर हाथ उठाये हुए के किस तरहसे खा सकता है? परन्तु खाना तो उसी हालत में खाया जावेगा कि जब हाथ उठाकर मुँह में 'लुकमा' देगा, मगर दिल के चलाने से खाना नहीं खा सकता है, सो यह बनिये तो पाप कराना समझते हैं कि जो गरीब आदमियों को दुखी करेंगे तो आपस में लड़कर खुद ही मर जावेंगे. सो इन बनियों ने ऐसा राक्षसी पाप चलाया है सो यह पाप रिजक खाने के वास्ते चलाया है कि इस

लुकमा = निवाला

राक्षसी पाप से कुल संसार का धन अपने काबू में कर लेवेंगे, इस ख्याल से इन्द्रजाल का पाप चलाया है सो इन बनियों ने धन कुल जहान का काबू में कर लिया है, सो संसार के लोगों को यह बनिये अपने राक्षसी पाप से बीमार कर देते हैं और फिर उनके मुँह से यह कहलाते हैं कि मुझको डाकन लग गई है, सो जबकि उस बीमारी से मर जावे तो फिर कहने को लगते हैं कि डाकनियों ने खा लिया है और अब तो जिस दिन से अंग्रेज हिन्दुस्तान में आये हैं जब से डाकनियों के बहाने से जरा कम मारते हैं और डाकनियों का जलाना-मारना भी थोड़ा बंद किया है, मगर डाकनियों के बहाने से नहीं मारे तो और ही संसार के नाम का जादू से तरह-२ का पाप कराके और बीमार कर-२ के कच्ची उमर में मारते हैं और किसी-२ को चोरी छाने जादू से बीमार करके अब भी डाकनियों का सुझाते हैं तो अब अंग्रेजों से डरते हुये गरीब आदमी चोरी-छाने अब भी डाकनियों की बातें करते हैं और

चौरी-छाने इस वास्ते करते हैं कि हमारा जाल मालूम हो जावेगा और अंग्रेज हमारा जाल समझ जावेंगे तो हमारा जाल छोड़ा देंगे जिससे डाकनियों का जलाना मारना अब बंद किया है. और रावण ने दुनिया के पीछे कई ग्रह लगाये थे कि जिससे कई गरीबों को संसार के हाथों से संसार में बुरा होने के वास्ते दुख दिलाता था, उसी तरह से यह महाजन भी बेचारे गरीब बुड्ढे आदमियों को और बुड्ढी औरतों को संसार में बुरा होने के वास्ते ड्राकन ड्राकी बनाकर मराते हैं उसी तरह से यह भी वैसे ही गरीब हैं, सो संसार के लोग अच्छी तरह से इस बात को सोचो कि रावण जो राक्षसी पाप से बीमार कर देता था और किसी-२ को मार भी देता था सो जबकि दुनिया को खबर पड़ी जब दुनिया ने रावण को मय उसके कुल के मार दिया, सो भाई जबकि राक्षस विद्या से मेह और मौत को सहारे कर लेते हैं तो फिर राक्षसी पाप के चलाने वाले जो चाहे वहीं कर सकते हैं, सो जब कि संसार इसके तजाने

का बन्दोबस्त ना करे जब तो जीने का भी धर्म नहीं है, क्योंकि मालिक ने तो सब ही को पूरी उमर दी है सो कदीम और ठेट से बुजुर्ग याने बुड्ढे जईफ होकर मरते हैं परन्तु इन बनियों ने रावण की तरह से संसार के लोगों की मौत को काबू में कर लिया है लेकिन "पहले जमाने में बाप से पहले बेटा नहीं मरता था" और अब बाप से पहले बेटा मर जाता है, सो अब और पहले क्या मालिक और था! जो अब ऐसा हो जाता है और पहले ऐसा नहीं होता था परन्तु मालिक तो वोह का वहीं है सो ऐसे -२ पाप तो इन बनियों ने जाहिर चलाये हैं जिस को तमाम जहान के लोग अपनी आँखों से देख रहे हैं और अगले जमाने के लोग तो ऐसे सती हुए हैं कि वो सिवाय नेकी के दूसरी बात ही नहीं जानते थे जिनकी तारीफें यह हैं कि वो जनम से ही मालिक की भक्ति करते थे जिससे वो सख्स देवता स्वरूपी कहलाये हैं, परन्तु इस जमाने के लोग उन देवता स्वरूपियों के नाम से

उनकी समाधियों पर बकरा-पाड़ा वगैरा चढ़ाते हैं, ऐसे-ऐसे पाप से अगले-२ लोगों का नाम भी डुबोते हैं सो यह पाप नही करना चाहिए, अगरचे उन्होंकी समाधियों को मानो तो धरम है सो धरम पुण्य करो या उनके नाम से मीठे भोजन करके खिलाओ या अपने बाल -बच्चों को खिलाओ, इसी तरह अगर तुम्हारे कुल में कोई भक्त हुआ होवे तो तुम लोग उनके नाम से धरम-पुण्य करो या ब्राह्मण साधु वगैरा को खिलाओ या अपने घर के बच्चों को भक्त लोगों के नाम से खिलाओ और जानवरों को मत सताओ, क्योंकि इन बनियों ने तुम्हारी अकल को अपने राक्षसी पाप से खराब कर दी है इससे तुम लोग पाप करते हो कि जो भक्तों के नाम से जानवरों को मारते हो, जिससे दुनिया की अकल दिन-रात खराब होती जाती है मगर इन बनियों ने तो अपना मतलब समझकर यह राक्षसी पाप चलाया है और इससे ही संसार के लोगों की अकल भ्रष्ट कर दी है जिससे तुम

लोगों को पाप करना ही धरम सूझता है, अगर कोई शख्स जानवर के मारने से मना करे तो मरने व मारने को तैयार हो जाते हैं और जो नेकी की बात बताए तो उसको नहीं करते हैं कि जिससे भला होवे और परमेश्वर भी खुश होवे, सो ऐसे-२ काम करने को तो जीव नहीं चाहता है और पाप की बातों के लिए जीव चाहता है, जिसकी वजह यह है कि बनियों ने अपने राक्षसी पाप से सभी की अकल खराब कर दी है जिससे नेकी और बदी को नहीं समझते हैं और इसी पाप की वजह से ही गरीब अमीर बे-औलाद रह जाते हैं. सो जो बे-औलाद रह जाते हैं वोह राक्षस विद्या के पाप से बे-औलाद रह जाते हैं, क्योंकि मालिक ने तो सभी को औलाद दी हैं क्योंकि सतजग में कोई बे-औलाद नहीं रहता था और सबके औलाद होती थी और अब जो बे-औलाद रह जाते हैं और उनके औलाद नहीं होती हैं, सो यह बनियों का राक्षसी पाप है कि जिस मरद औरत के नाम का पाप कराते हैं

और जिसके बच्चा नहीं होता है और किसी-२ को ऐसा भी सुझाते हैं कि भैरू के नामका या देवी के नाम का बकरा और भैसा वगैरा चढ़ाओगे जब तुम्हारे बेटा होगा, सो जबकि उनके नाम का बकरा या भैंसा वगैरा मार देवें तो फिर; उनके बेटा हो जाता है सो जब बनिये उनके नाम का पाप कराना छोड़ देते हैं जब बेटा हो जाता है और जो पाप करना नहीं छोड़े तो नही होता है अगरचे हो जावे जब तो संसार के लोग ऐसा कहने को लग जाते हैं कि हमने देवी वगैरा के नाम का बकरा वगैरा चढ़ाया था सो देवी वगैरा ने बेटा दिया है और जो बकरा चढ़ानेसे भी नहीं होवे तो यह कहने को लग जाते हैं कि परमेश्वर ने मेरी किस्मत में औलाद नहीं दी है इससे नहीं होती है सो यह संसार की भूल है क्योंकि परमेश्वर ने तो सबको औलाद दी हैं मगर बनियों के राक्षसी पाप से नहीं होती हैं और जिस के नाम का पाप नहीं कराते हैं उसके औलादें हो जाती हैं परंतु संसार के लोगों की अकल तो ऐसी फेर दी है

कि जो समझाने से भी नहीं समझते हैं क्योंकि पाप करने से तो औलाद मर जाती है, सो तुम पाप करते हो और पाप को ही धरम समझते हो सो भाई मेरे हो, देवताओं के ऊपर तो बकरा चढ़ाने से नुकसान पहुंचता हैं क्योंकि वो तो भगत हुए हैं जिनके ऊपर तुम बकरा चढ़ा देते हो सो उनके ऊपर तो पाप करना बुरा है, क्योंकि उनके नाम का धरम-पुण्य करना चाहिए वो अच्छी बात है और जिस तरह से रावण ने राक्षसी विद्या के ग्रह चला-२ के लगा दिये थे और देवताओं के ऊपर हाड़ वगैरा गिरवा देता था, परन्तु दुनिया को अपने राक्षसी पाप से ऐसा सुझा देता था कि देवताओं ने रोग वगैरा किया हैं सो ऐसा बहाना करके रावण दुनिया के हाथ से हाड़ वगैरा गिरवाता था, सो रावण ने तो थोड़ा ही पाप चलाया था और इन बनियों ने तो इतना पाप करना शुरू किया है कि जहान के हाथों से देवताओं के ऊपर जानवरों को मरवा देते हैं और हाड़ों को डाल देते हैं सो हम तुम सब ही जानते हैं कि अपने हाथों से हम

और तुम देवताओं के ऊपर हाड़ और खून डाल देते हैं सो इस-२ तरह के पाप तो जाहीर संसार के हाथों से करवाते हैं और गुप्ती पाप यह बनिये दरियावों के ऊपर कराते हैं और उसी गुप्ती पाप से दुनिया की बुद्धि भ्रष्ट हुई है कि जिससे लोग देवताओं के ऊपर जीव मार-२ के हाड़ डालते हैं और उसी पाप से देवताओं के बहाने से भूतों को नचाते हैं और सुझाते हैं देवताओं का और उसी पाप से दुनिया में यह विघ्न तरह-२ के चले हैं जिसकी गिनती भी नहीं हो सकती है, जब तक संसार में से यह विघ्न दूर नहीं होंगे और वो गुप्ती पाप जहां पर होता है वहाँ पर सिवाय बनियों के और कोई भी नहीं जा सकताहै इससे इनका जाल मालूम नहीं हो सकता है सो संसार के लोग एक दिल होकर इनके राक्षसी पाप को छोड़ाओ जब संसार का भला होगा और सब संसार की औलादें उभरेगी, क्योंकि पहले जमाने में चाँदी-सोने का ठाट और पाट था और अब नहीं है सो वो पैसा कहाँ गया? क्योंकि

जमीन तो वहां की वही है क्योंकि पैसा ना तो गलाया जाता है और ना खाया जाता है, वो तो सिर्फ खर्च करने के काम में लिया जाता है; सो तुम सब ही जानते हो कि पहले जमाने में धन बहुत था और सोने-चाँदी की खानें थी, सो इन सौदागर महाजनान ने राक्षसी पाप से खानों को गुम कर दी हैं और यह खानें जो हैं वोह जमीन माता के शरीर की चरबी है परंतु यह बनिये जमीन माता के नाम का पाप कराते हैं जिससे चरबी गल गई है, सो इस बात का तुम लोगों को जरूर ख्याल करना चाहिए कि हर एक मुलक में चाँदी - सोने की खानें थी वोह कहाँ गई? बल्कि सब चीजों की तेजी हो गई है और जिनको कि हीरा और पन्ना की खानें कहते हैं वो पत्थर हैं, मगर हरा पत्थर था तो वो हरा हीरा था और नीला पत्थर था वो नीला हीरा था और सफेद पत्थर था वो सफेद हीरा था और लाल पत्थर था वो लाल हीरा था और पीला पत्थर था तो पीला हीरा था, क्योंकि यह पत्थर हैं

जो जमीन माता के हाड़ हैं; तो अगले जमाने में जब काल नहीं पड़ते थे जब जमीन माता का शरीर निरोगी था तो हाड़ों में रोशनी थी; परन्तु यह बनिये लोग जिस दिन से काल पड़ाने लगे हैं और तरह-२ के रोग जमीन माता को कर दिये हैं; सो बीमारी के सबब से सब चीजों की शकल बिगड़ गई है जिस तरह से कि आदमी बहुत बीमार होता है और बीमारी से उसके शरीर का खून सूख जाता है और गोस्त गल जाता है और हाड़ भी बदशकल हो जाते हैं और बीमारी के सबब से आदमी का रूप भी तमाम जाता रहता है, उसी तरह से जमीन माता को जादू से रोग कराके बीमारी से इन महाजनान ने रूप गुमा दिया है इससे पत्थरों की खानों का याने पहाड़ों का रूप जाता रहा है सो हीरे-पन्नों की भी रोशनी चली गई है सो इसी तरह जब कि आदमी बीमारी के सबब से कमजोर हो जाता है तो उसके भी शरीर की रोशनी निकल जाती है, इसी तरह से जमीन माता के शरीर में भी बीमारी के

आवेगा जब अनाज के दाने गिनती से बिकेंगे.'' सो पहले से यह बाते संसार में चलादी हैं कि पानी भी तुल कर बिकेगा और दरखत एक हाथ का होगा और आदमी चार बालिस्त का होगा और जिसके घर में एक सेर कांसी या लोहा होगा वोह दुनिया में दौलतमन्द कहलावेगा, सो यह दुनियाँ में कैसी भूलें बताई हैं और इस जमाने के लोग गीता को बहुत मानत हैं कि जिसमें यह लिखा है कि ''अर्जुन को श्रीकृष्णजी महाराज ने मुँह के अन्दर तीन लोक दिखाये थे,'' सो यह बात भी दुनिया के भुलाने के वास्ते झूठी चलाई है और किताबें भी दुनिया में झूठ की चलादी हैं कि जमीन माता श्रीकृष्ण महाराज के पास गाय का रूप बनाकर आई थी और कहती थी कि मैं पूरी दुखी हूँ. सो देखो भाई, ख्याल करने की बात है कि सूरत किसी की भी नहीं बदलती थी क्योंकि जो जानवर है वो जानवर रहता है और जो आदमी है वो आदमी रहता है, क्योंकि जिसका शरीर मालिक ने जैसा-२ बनाया है

वैसा ही रहता है, जीवे या मरे सूरत किसी की नहीं बदलती है; फिर जमीन माता ने गाय का स्वरूप किस तरह से किया होगा? सिर्फ यह तो दुनिया के भुलाने के वास्ते झूठी बात चलाई है क्योंकि कृष्णजी महाराज अपनी तरह से जमीन के पेट में एक किसम का जीव होकर गुजरे हैं कि जिस तरह से अब हम और तुम जमीन के पेट में कीड़े बसते हैं, परन्तु उन्होंने भक्ति की है और दुनिया के साथ नेकी की है जिससे देवता स्वरूपी कहलाये हैं और पहले जमाने में गौतम ऋषि हुए थे. सो वो परमेश्वर के भक्त थे और दुनिया यह कहती है कि जिस वक्त मुरगा आवाज देता था उस वक्त गौतम ऋषिजी गंगा पर अशनान के वास्ते जाते थे और गौतम ऋषि की औरत अहिल्या बहुत खूबसूरत थी, सो इन्द्र महाराज अहिल्या के साथ हराम करने का ख्याल रखते थे; जब एक रोज गौतम ऋषि जी मुरगे की आवाज सुनकर गंगा पर अशनान के वास्ते गये, परन्तु

